## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 07.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- आरबीआई ने पांच वर्ष में पहली बार की रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती, सस्ते होंगे होम लोन, मौजूदा ईएमआई भी घटेगी।
- राज्यपाल ने एबीवीपी के अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन के तहत राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा पर रांची पहुंचे पूर्वोत्तर भारत के युवा प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद, एक भारत–श्रेष्ठ भारत पर दिया बल।
- झारखंड हाईकोर्ट ने पत्थर खनन लीज मामले में तथ्य छिपाने के लिए राज्य सरकार पर लगाया दो लाख रुपये का जुर्माना, खनन लीज रद्द करने का आदेश भी किया निरस्त।
- रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ दूसरा दीक्षांत समारोह, राज्यपाल ने 183 टॉपरों को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित।
- खूंटी में आइजी ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ शुरु किया व्यापक अभियान, पहले दिन 330 एकड़ में लगी फसलों को किया गया नष्ट।

********************

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया– आरबीआई ने रेपो रेट में शून्य दशमलव दो पांच फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद रेपो रेट छह दशमलव पांच फीसदी से घटकर छह दशमलव दो पांच फीसदी हो गया है। रेपो रेट में इस कटौती से लोन सस्ता होगा और ईएमआई भी घटेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज इसकी घोषणा की। श्री मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद लिए गए फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष 2025–26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी छह दशमलव सात फीसदी रहने का अनुमान है। जबकि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर छह दशमलव चार फीसदी रहने के अनुमान भी जताया गया है।

********************

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद– एबीवीपी के अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन के तहत राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा आयोजित की जा रही है। इसके तहत रांची आये पूर्वोत्तर भारत के 31 युवा प्रतिनिधियों के साथ राजभवन में राज्यपाल ने संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने देश के नव निर्माण में युवाओं की भूमिका और एक भारत श्रेष्ठ भारत पर बल दिया।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने पत्थर खनन लीज मामले में तथ्य छिपाने के लिए राज्य सरकार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने यह राशि प्रार्थी आनंद कुमार सिंह को भुगतान करने का निर्देश सरकार को दिया है। अदालत ने प्रार्थी का खनन लीज रद्द करने के आदेश को भी निरस्त कर दिया। गौरतलब है कि प्रार्थी आनंद कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अदालत को बताया था कि उन्हें पलामू जिले में पत्थर खनन लीज मिला था लेकिन बिना किसी सूचना और पक्ष सुने उसे निरस्त कर दिया गया।

********************

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में पांच करोड़ से अधिक दावों का निपटारा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले वर्ष संगठन ने चार करोड़ 45 लाख दावों का निपटारा किया था। डॉक्टर मांडविया ने कहा कि दावों के समाधान की प्रक्रिया को सरल बनाकर और शिकायतों की संख्या कम करके कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ये सफलता प्राप्त की है।

********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परीक्षार्थियों, एक्जाम वारियर्स, अभिभावकों और शिक्षकों से 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से जुड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इस बार

लगभग साढ़े तीन करोड़ की रिकॉर्ड संख्या में परीक्षार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने परीक्षा पे चर्चा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। रांची कालेज मैदान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। इस दौरान यूजी–पीजी के कुल 183 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिया गया। समारोह में आठ हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को डिग्रियां सौंपी गयीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का मकसद केवल डिग्री प्राप्त करना और रोजगार हासिल करना ही नहीं है, बेहतर समाज की रचना और संवेनदशील समाज के निर्माण के लिए भी शिक्षा जरूरी है।

********************

खूंटी जिले में अवैध अफीम के खिलाफ व्यापक अभियान शुरु किया गया है। रांची प्रक्षेत्र के आईजी अखिलेश कुमार झा ने ऑपरेशन अफीन की शुरुआत की। इस दौरान वे ड्रोन, ट्रेक्टर और हजारों जवानों के साथ मारंगहदा इलाके के बिरडीह गांव सहित आसपास के इलाकों में लगी अफीम की फसलों को नष्ट किया। अभियान के पहले दिन जिले में कुल 330 एकड़ में लगी फसलों को नष्ट किया गया। मौके पर आईजी ने कहा कि यह अभियान जिले के अफीम मुक्त होने तक जारी रहेगा। अवैध अफीम के खिलाफ सख्ती के साथ ही पुलिस जागरुकता अभियान भी चला रही है। बुंडू के मौसीबाड़ी, झारखंड बाजार और दशम फॉल थाना क्षेत्र के तैमारा में नुक्कड़ नाटकों के जरिये ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गयी। इस मौके पर बुंडू के एसडीपीओ ओमप्रकाश सिंह ने लोगों से अफीम की खेती से दूर रहने की अपील की।

********************

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में देश के तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए एक डिजिटल प्रदर्शनी लगाई गई है।

********************

खूंटी जिले की पहचान अब हॉकी के साथ ही अन्य खेल गतिविधियों के लिए भी होने लगी है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड की वापसी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर –पश्चिम दिशा से आ रही ठंडी हवा का असर राज्य पर दिखायी पड़ रहा है।

*****************